केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 20/10/2024

प्रेस विज्ञप्ति

कोर द्वारा स्वच्छता के जागरूक्ता हेतु प्रभात फेरी एवं पौधा रोपण का आयोजन

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज ने "स्वच्छता पखवाड़ा के विशेष अभियान 4.0 को और आगे बढ़ाते हुए श्री आर. एन. सिंह - प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजी. तथा प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 20/10/2024 को समय प्रातः 08 बजे से 09 बजे तक कोर की त्रिवेणी विहार रेलवे कालोनी, रामबाग, प्रयागराज में स्वच्छता सम्बन्धी रेलवे कर्मचारियों एवं उनके बच्चों द्वारा एक भव्य प्रभात फेरी निकली गई। तत्पश्चात श्री कल्याण सिंह - उप महाप्रबंधक एवं श्री विमल कुमार जनसम्पर्क अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की महिलाओं व बच्चों ने पौधा रोपण किया।

इस कार्यक्रम में बच्चों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया कि लोग गंदगी न फैलाएँ, कूड़ा कूड़ादान में ही डालें, प्लास्टिक से बनें सामानों का प्रयोग न करें क्योंकि प्लास्टिक स्वास्थ के लिए हानिकारक है तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाने व उसकी देख भाल करने हेतु प्रेरित किया गया। बच्चे देश का भविष्य होते है प्रारम्भ से ही यदि बच्चों में स्वच्छता एवं पर्यावरण की नींव पड़ जाएगी तो स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकेगा।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज